स्वतंत्र सोच, निष्पक्ष अभिव्यक्ति

RNI Regd. No. 7756/59

66 वां वर्ष

# दण्डकारण्य समाचार

जगदलपुर व रायपुर से एक साथ प्रकाशित

■ जगदलपुर, बुधवार 04 दिसम्बर 2024 ■ वर्ष 66 ■ अंक 290 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य 2.00 ■ संस्थापक - स्व. श्री तुषार कांति बोस

## 3 परिवर्तनकारी नए आपराधिक कानून राष्ट्र को समर्पित

### न्याय संहिता गहरे मंथन का परिणाम, इनके केंद्र में दंड की जगह न्याय है: मोदी



चंडीगढ़, 03 दिसंबर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि गहन विचार विमर्श और मंथन के बाद भारतीय न्याय संहिता अपने वर्तमान स्वरूप में सामने आयी है और इसके लागू होने के बाद जेलों से ऐसे हजारों विचारधीन कैदियों को छोड़ा गया है, जो पुराने कानूनों की वजह से जेलों में बंद थे।

प्रधानमंत्री यहां विशेष रूप से अयोजित एक कार्यक्रम तीन परिवर्तनकारी नए आपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सफल कार्यान्वयन को राष्ट को समर्पित कर रहे थे। ये तीनों कानून पहली जुलाई से लागू कर दिए गए हैं। श्री मोदी ने कहा कि नए कानून दंड के लिए नहीं, बल्कि न्याय के उद्देश्य से बनाए गए है और भारतीय न्याय संहिता इसके लागू होने के बाद जेलों से ऐसे हजारों विचारधीन कैदियों को छोड़ा गया है, जो पुराने कानूनों की वजह से जेलों में बंद थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सात दशकों में न्याय व्यवस्था की चुनौतियों की समीक्षा, व्यापक विचार-विमर्श के बाद भारतीय न्याय संहिता तैयार की गई है। हर कानून को व्यावहारिक दृष्टिकोण से परखा गया है। उन्होंने इन कानूनों के लिए उच्चतम न्यायालय और देश भर के उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों का आभार भी प्रकट किया। श्री मोदी ने तीनों कानूनों को राष्ट को समर्पित करते हुए कहा, देश के कानून उसके नागरिकों के लिए है, इसलिए कानूनी प्रक्रिया भी नागरिक-केंद्रित होनी चाहिए। हालाँकि, पुरानी व्यवस्था में, प्रक्रिया ही सज़ा बन गई थी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक स्वस्थ समाज में, कानून सुरक्षा का साधन होना चाहिए, लेकिन आईपीसी केवल नियंत्रण के साधन के रूप में भय पर निर्भर थी और यह अच्छा है कि अब समय बदल गया है। श्री मोदी ने कहा कि पुराने कानूनों में दिव्यांगों के लिए ऐसे-ऐसे अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया था, जिसे कोई भी सभ्य समाज स्वीकार नहीं कर सकता। हमने ही पहले इस वर्ग को दिव्यांग कहना शुरू किया, उन्हें कमजोर महसूस कराने वाले शब्दों से छुटकारा दिलाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने 2016 में हमने दिव्यांगजनों के अधिकार का कानून लागू करवाय लागू करवाया। उन्होंने कहा कि देश औपनिवेशक युग की सोच से बाहर निकले और अपने सामर्थ्य का प्रयोग राष्ट्र निर्माण में लगाए, इसके लिए राष्ट्रीय चिंतन आवश्यक था।

## 21 हजार करोड़ के रक्षा सौदों को जरुरत के आधार पर खरीद की मंजूरी




नयी दिल्ली, 03 दिसंबर (एजेंसी)। रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्रों बलों के आधुनिकीकरण को आगे बढाने तथा उन्हें अत्याधुनिक हथियारों से लैस करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 21 हजार 772 करोड़ रूपये के पांच रक्षा सौदों को मंगलवार को जरुरत के आधार पर खरीद की मंजूरी दे दी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा खरीद परिषद की बैठक में इस निर्णय को मंजूरी दी गयी।

खरीद के इन प्रस्तावों में नौसेना के लिए 31 नए वॉटर जेट फास्ट अटैक क्राफ्ट की खरीद के लिए आवश्यकता की स्वीकृति भी शामिल हैं। इन्हें तट के करीब कम तीव्रता वाले समुद्री संचालन, निगरानी, ??गश्ती और खोज और बचाव संचालन का कार्य करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसके अलावा, ये जहाज विशेष रूप से द्वीप क्षेत्रों में और उसके आसपास समुद्री डकैती रोधी अभियानों में प्रभावी भूमिका निभाएंगे। खरीद परिषद ने 120 फास्ट इंटरसेप्टर क्राफ्ट की खरीद के लिए भी आवश्यकता की स्वीकृति प्रदान की है। ये जहाज तटीय रक्षा के लिए विमान वाहक, विध्वंसक और फ्रिगेट्स, पनडुब्बियों जैसी इकाइयों को एस्कॉर्ट करने सहित कई भूमिकाएं निभाने में सक्षम हैं। खरीद परिषद ने इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट की खरीद के लिए जरूरत के आधार पर मंजूरी दी है जिसमें बाहरी एयरबोर्न सेल्फ प्रोटेक्शन जैमर पॉड्स, अगली पीढ़ी के रडार चेतावनी रिसीवर और सुखोई -30 एमकेआई विमान से संबंधित उपकरण शामिल हैं। यह प्रणाली सुखोई -30 एमकेआई की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाएगी और वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा संरक्षित दुश्मन के लक्ष्यों के खिलाफ एक मिशन को अंजाम देते हुए इसे दुश्मन के राडार और संबंधित हथियार प्रणाली से बचाएगी।

## अडानी शब्द पर राज्यसभा में नोक झोंक

नयी दिल्ली, 03 दिसंबर (एजेंसी)। राज्यसभा में मंगलवार को एक विधेयक पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सदन में अडानी शब्द के उल्लेख को लेकर तीखी नोंक झोंक हुई। सदन में भारतीय वायुयान विधेयक 2024 की चर्चा के दौरान कांग्रेस के सैयद नासिर हुसैन ने अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विदेश नीति और अडानी शब्द का प्रयोग किया तो उस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने तीखी आपत्ति दर्ज कराई। सत्ता पक्ष के कई सदस्यों की ओर से श्री हुसैन की कुछ टिप्पणियों पर व्यवस्था का प्रश्न उठाया गया। सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने सदन में शब्दों के प्रयोग और प्रधानमंत्री पद की गरिमा बनाए रखने पर जोर दिया।कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने कहा कि 'अडानी शब्द नहीं है'। उन्होंने कहा कि वायुयान से संबंधित विधेयक पर चर्चा के दौरान संबंधित कंपनियों, उनके कारोबार तथा कंपनी प्रवर्तकों का नाम लिया ही जाएगा। इस पर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। इस बीच सदन में दोनों ओर से शोर शराबा होने लगा तथा कई अन्य सदस्यों ने भी व्यवस्था का प्रश्न उठाने का प्रयास किया। इस पर पीठासीन सस्मित पात्रा ने कहा कि सदस्य के वक्तव्य में जो कुछ भी अप्रासंगिक होगा, वह कार्यवाही से हटा दिया जाएगा।

## राज कुंद्रा की बढ़ीं मुश्किलें ईडी ने जारी किया समन

मुंबई,03 दिसंबर (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने अश्लील फिल्मों के कथित अवैध वितरण से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राज कुंद्रा को 4 दिसंबर को पूछताछ के लिए तलब किया है। पहले कुंद्रा को सोमवार को पेश होने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने नई तारीख मांगी, जिसके बाद अब उन्हें 4 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा गया है। ईडी की जांच में यह मामला शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा और उनके सहयोगियों के खिलाफ चल रही है। जांच का संबंध मई 2022 में दर्ज किए गए मनी लॉन्ड्रिंग मामले से है, जिसमें कुंद्रा और अन्य के खिलाफ मुंबई पुलिस की दो प्राथमिकी और आरोप पत्र आधारित कार्रवाई की जा रही है।

## केंद्र ने राज्यों को विशेष सहायता के रूप में 50,571 करोड़ रुपये किए जारी

नई दिल्ली, 3 दिसंबर (एजेंसी)। केंद्र ने चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों के दौरान विभिन्न विकास परियोजनाओं में खर्च बढ़ाने के लिए अपनी 'पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता' योजना के तहत राज्यों को 50,571.42 करोड़ रुपये जारी किए हैं। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, केरल, पंजाब और तेलंगाना को छोड़कर 28 राज्यों में से 23 ने चालू वित्त वर्ष के दौरान केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की गई ब्याज मुक्त सुविधा का लाभ उठाया। केंद्रीय मंत्री द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस सुविधा के साथ सबसे अधिक राशि 7,007.93 करोड़ रुपये उत्तर प्रदेश को जारी किए गए।

## सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को किया ढेर, मुठभेड़ जारी

जम्मू, 3 दिसंबर(एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में दाचीगाम जंगल के ऊपरी इलाकों में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक आतंकी को मार गिराया है। सुरक्षाबलों को इस इलाके में आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। इसी सूचना के आधार पर सुरक्षाकर्मियों ने इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। आतंकियों ने खुद को गिरा देख सुरक्षाबलों पर फायरिंग कर दी। इसके बाद जवानों में भी जवाबी कार्रवाई शुरू की। जवानों ने एक आतंकी को मार गिराया है। फिलहाल, अभी दोनों ओर से गोलीबारी जारी है।

## चीन के साथ रिश्तों में राष्ट्रीय सुरक्षा हित सर्वोपरि रख कर आगे बढ़ेंगे : जयशंकर

नयी दिल्ली, 03 दिसंबर (एजेंसी)। सरकार ने भारत एवं चीन के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अप्रैल 2020 के पूर्व की स्थिति बहाल होने को 'सुधार की दिशा' बताते हुए आज साफ किया कि भारत चीन संबंधों में प्रगति के लिए सीमा क्षेत्रों में शांति एवं सौहार्द बनाए रखना एक पूर्व-आवश्यकता है और हम अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को सर्वोपरि रखते हुए ही आगे बढ़ेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लोकसभा में चीन के साथ 21 अक्टूबर को हुए समझौते तथा उसके बाद भारत एवं चीन के द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति को लेकर एक वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा, मैं सदन को भारत चीन सीमा क्षेत्रों में हाल ही में घटी कुछ घटनाओं और हमारे समग्र द्विपक्षीय संबंधों पर उनके प्रभावों से अवगत कराना चाहता हूँ। सदन को पता है कि 2020 से हमारे संबंध असामान्य रहे हैं, जब चीनी कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप सीमा क्षेत्रों में शांति और सौहार्द भंग हुआ था।



हाल की घटनाएँ, जो तब से हमारे निरंतर कूटनीतिक जुड़ाव को दर्शाती हैं, ने हमारे संबंधों को कुछ सुधार की दिशा में स्थापित किया है। विदेश मंत्री भारत चीन संबंधों की पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए कहा, सदन इस तथ्य से अवगत है कि 1962 के संघर्ष और उससे पहले की घटनाओं के परिणामस्वरूप चीन ने अक्साई चिन में 38 हजार वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर रखा है। इसके अलावा, पाकिस्तान ने 1963 में अवैध रूप से 5180 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र चीन को सौंप दिया, जो 1948 से उसके कब्जे में था। भारत और चीन ने सीमा मुद्दे को सुलझाने के लिए कई दशकों तक बातचीत की है। जबकि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में इस पर आम सहमति नहीं है। हम सीमा समझौते के लिए एक निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य ढांचे पर पहुंचने के लिए द्विपक्षीय चर्चाओं के माध्यम से चीन के साथ जुड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## मोदी की गारंटी के अधिकांश वायदों को 1 साल के भीतर ही किया पूरा : साय

रायपुर, 03 दिसम्बर (एजेंसी)। हमारी 70 लाख माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना की एक हजार रुपए की स्नेह राशि की दसवीं किश्त हमने आपके खाते में आज अंतरित कर दी है। हमारी माताओं-बहनों का आशीर्वाद ही मुझे काम करने की शक्ति प्रदान करता है। हमारी माताओं-बहनों की आंखों में दिख रही स्वाभिमान की चमक हमारा सबसे बड़ा संतोष है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज रायगढ़ जिले में लगभग 137 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय के आग्रह पर सरस्वती यादव ने बटन दबाकर प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना की 10वीं किश्त के रूप में 652 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्राम दानसरा का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां की माताओं और बहनों ने सोचा कि अयोध्या धाम में भव्य श्रीरामलला का मंदिर बना है। हम भी गांव के हनुमान मंदिर के बगल में रामलला का मंदिर बनाएं। इन महिलाओं ने महतारी वंदन योजना से मिली राशि से चंदा कर मंदिर निर्माण शुरू कर दिया। माताओं-बहनों के सपने देखने और इनके पूरे होने की कितनी ही कहानियां हैं। मैं अक्सर माताओं-बहनों से इस बारे में पूछता हूँ और हर बार उनकी बातें मेरे दिल



को छू जाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कल मैं रायपुर में पीएससी परीक्षा के टापर्स से मिला। उन युवाओं के आंखों में भरोसे की चमक थी। उन्होंने मुझे बताया कि पीएससी परीक्षा में गड़बड़ियां होने की वजह से उनका भरोसा टूट गया था लेकिन जब हमारी सरकार आई तब हमने पीएससी परीक्षा में पारदर्शिता के लिए कार्य किया। प्रतियोगी परीक्षा में किये गये भ्रष्टाचार से एक प्रतिभाशाली युवा का भविष्य तो बर्बाद होता ही है सिविल सेवा के ढांचे को भी दीमक लग जाता है। भ्रष्टाचार की जांच के लिए हमने सीबीआई को जिम्मा दिया तो उनका भरोसा फिर लौटा। आज हमने 42 करोड़ 56 लाख रुपए की राशि से बनने वाले नालंदा परिसर का भी भूमिपूजन किया है, जिससे पीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा दे रहे युवाओं को इससे काफी लाभ मिलेगा।

हम प्रदेश के 13 नगरीय निकायों में राजधानी रायपुर के नालंदा की तरह लाइब्रेरी आरंभ कर रहे हैं। यहां हजारों किताबों का संग्रह होगा। वाईफाई की सुविधा होगी। सभी तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को यहां स्टडी मटेरियल मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य रखा है। हमने भी वर्ष 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ बनाने विजन डाक्यूमेंट बनाया है। विजन डाक्यूमेंट में प्रदेश के तेजी से औद्योगीकरण पर सबसे ज्यादा जोर है।

उद्योग धंधों के तेजी से विकास के लिए हमने नई उद्योग नीति बनाई है। इसके चलते छत्तीसगढ़ में उद्यमियों को नये उद्यम आरंभ करने में बहुत सहूलियत होगी। औद्योगिक वातावरण को बेहतर करने के लिए कनेक्टिविटी सबसे पहली शर्त होती हैं।

## स्टोरेज टैंक में जोरदार ब्लास्ट, 4 कर्मचारियों की मौत

अहमदाबाद,03 दिसंबर (एजेंसी)। गुजरात के भरूच में मंगलवार को एक फैक्ट्री के स्टोरेज टैंक में जोरदार ब्लास्ट हो गया। जिसमें चार कर्मचारियों की हो गई। जबकि कई लोग घायल भी हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, हादसा भरूच के अंकलेश्वर जीआईडीसी क्षेत्र में स्थित एक इंडस्ट्रियल यूनिट के स्टोरेज टैंक में मंगलवार दोपहर को हुआ। ब्लास्ट के बाद पूरी फैक्ट्री को खाली करा दिया गया लेकिन उसमें चार मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी दी है। फैक्ट्री के स्टोरेज टैंक में धमाके के बाद भरूच के पुलिस अधीक्षक मयूर चावड़ा ने बताया कि ये धमाका तब हुआ जब मजदूर डिटॉक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के परिसर में एक स्टोरेज टैंक के ऊपर काम कर रहे थे। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है। धमाके के बाद भारी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि विस्तृत जांच के बाद ही हादसे के कारणों का पता लगाया जा सकेगा।

## बैंककारी विधियां संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित

नयी दिल्ली, 03 दिसंबर (एजेंसी)। लोकसभा ने बैंकिंग संबंधी पांच कानूनों - भारतीय रिजर्व बैंक आरबीआई अधिनियम 1934, बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955, बैंकिंग कंपनी उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण अधिनियम 1970, और बैंकिंग कंपनी उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण कानून, 1980 में संशोधन करने वाले बैंककारी विधियां संशोधन विधेयक 2024 को आज पारित कर दिया। विधेयक पर चर्चा पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब के बाद सदन ने कुछ विपक्षी सदस्यों द्वारा रखे गये संशोधन प्रस्तावों को खारिज कर दिया और विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। चर्चा के दौरान वित्त मंत्री ने वर्ष 2014 से पहले संप्रग सरकार के दो कार्यकालों में बैंकों की खस्ता हालत और इस समय सरकारी बैंकों के शानदार रिकॉर्ड को सदन के सामने रखा।

### आज का इतिहास

1881 - लॉस एंजिल्स टाइम्स का पहला संस्करण प्रकाशित।
1910- हिन्दी सिनेमा के अभिनेता मोतीलाल का जन्म।
1919 - पूर्व प्रधानमंत्री इन्द्र कुमार गुजराल का जन्म।
1959- भारत और नेपाल के बीच गंडक सिंचाई एवं विद्युत परियोजना पर हस्ताक्षर किये गये।
1963 - अभिनेता जावेद जाफरी का जन्म।
1971 संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भारत और पाकिस्तान के बीच खराब होते हालात के मद्देनजर आपात सत्र बुलाया।
1971 भारतीय नौसेना ने ऑपरेशन ट्राइडेंट% के तहत पाकिस्तान नौसेना और कराची पर हमला किया। जिसके बाद से हर वर्ष 04 दिसम्बर को भारतीय नौसेना दिवस मनाया जाता है।

### बहुत खूब

मोहन भागवत ने जनसंख्या की गिरावट पर जताई चिंता, दो से तीन बच्चों को जरूरी बताया




## 2025 में हमेशा के लिए भारत छोड़ दूंगा, हो सके तो आप भी छोड़ दीजिए, इंजीनियर के ट्वीट ने मचाया बवाल

नई दिल्ली, 03 दिसम्बर (एजेंसी)। गोवा के एक इंजीनियर सिद्धार्थ सिंह गौतम ने भारत छोड़कर हमेशा के लिए सिंगापुर शिफ्ट होने की अपनी योजना की घोषणा करके इंटरनेट पर नई बहस छेड़ दी है। उन्होंने लोगों को यह भी सलाह दी है कि अगर उनके पास अच्छा पैसा है, तो वे भी जल्द भारत छोड़कर दूसरे विकसित देशों में शिफ्ट हो जाएं। गोवा के रहने वाले एक सिविल इंजीनियर और इन्वेस्टर के ट्वीट ने सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है। अपने पोस्ट में सिद्धार्थ सिंह गौतम नाम के इस शख्स ने कहा कि वह 2025 में हमेशा के लिए भारत छोड़ देंगे। यही नहीं, सिद्धार्थ ने अन्य लोगों से भी अपील की है कि हो सके, तो वे भी जल्द से जल्द भारत छोड़ने की कोशिश करें। सिद्धार्थ के ट्वीट ने सोशल मीडिया पर एक विवादास्पद बहस को जन्म दिया है, क्योंकि उनकी राय ने कई लोगों को सहमति और असहमति के लिए प्रेरित किया है। दरअसल, सिद्धार्थ ने राजनीतिक कुप्रबंधन, उच्च टैक्स दर और लगातार बिगड़ती वायु गुणवत्ता से निराश होकर अपने विचार साझा करने के लिए एक्स (पहले ट्विटर) का सहारा लिया। उन्होंने ट्वीट किया, 'मैं 2025 में भारत छोड़कर हमेशा के लिए सिंगापुर शिफ्ट हो जाऊंगा. डॉक्युमेंट प्रोसेस में



है। मैं अब यहां के राजनेताओं को बर्दाश्त नहीं कर सकता शख्स ने उच्च कर बोझ की आलोचना करते हुए लिखा, मैं 40प्रतिशत टैक्स का भुगतान नहीं कर सकता, प्रदूषित हवा में सांस नहीं ले सकता. किसी चीज की कोई जवाबदेही नहीं है। सिद्धार्थ ने अपने एक अन्य पोस्ट में लोगों को यह भी सलाह दी कि जिनके पास अच्छा पैसा है, वे जल्द भारत छोड़ने की तैयारी करें, क्योंकि वह सिंगापुर जैसे विकसित देशों में भारत से कहीं बेहतर लाइफ जी सकते हैं। वहीं, कम इनकम वालों को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि जिन लोगों की तनख्वाह 50,000 रुपये महीना है, उनके लिए बाली और थाईलैंड सबसे बेस्ट ऑप्शन है.सिद्धार्थ की इस पोस्ट ने इंटरनेट पर नई बहस छेड़ दी है।

## तमिलनाडु में मलबे में दबे मकान से 5 शव बरामद, केरल में रेड अलर्ट जारी

चेन्नई, 03 दिसंबर (एजेंसी)। तमिलनाडु और केरल में चक्रवात फेंगल का कहर जारी है। चक्रवात के कारण हुई बारिश और भूस्खलन में कई लोगों की जान जा चुकी है। आने वाले दिनों में भी भारी बारिश के आसार हैं। ऐसे में एनडीआरएफ और एसडीआरएप की कई टीमें राहत और बचाव कार्य के लिए तैनात की गई हैं। तमिलनाडु के जिन जिलों में बारिश से नुकसान हुआ है, वहां राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है। रेस्क्यू टीम ने अन्नामलाईयार पहाड़ी पर मलबे से पांच शव बरामद किये गए हैं। सोमवार सुबह से जारी गहन तलाशी के बाद ये पांच शव उस मकान से मिले जो एक दिसंबर को मूसलाधार बारिश के बाद मिट्टी और चट्टानों के नीचे दब गया था। पुलिस ने बताया कि बचावकर्मियों ने सोमवार शाम को एक बच्चे का शव बरामद किया और इसके बाद चार अन्य शवों का पता लगाया गया। एक दिसंबर की रात से चक्रवात फेंगल के प्रभाव के कारण पहाड़ी क्षेत्र में भूस्खलन हुआ था। पुलिस ने बताया कि शवों को सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है और मृतकों में एक महिला भी शामिल है। तलहटी में स्थित वीओसी नगर के निवासियों ने अधिकारियों को बताया कि एक दंपति, उनके दो बच्चों के अलावा तीन अन्य बच्चे उस मकान में फंस गए थे जो एक दिसंबर की रात भूस्खलन की चपेट मे आ गया था। लापता दो और लोगों की तलाश जारी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को चक्रवात फेंगल के कारण केरल में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। यह चक्रवात वर्तमान में तमिलनाडु के उत्तरी आंतरिक भाग में कम दबाव वाले क्षेत्र में कमजोर होकर कर्नाटक के दक्षिणी आंतरिक भाग तक फैल गया है। मौसम विज्ञानिकों को उम्मीद है कि यह



सिस्टम आगे बढ़ेगा और विकसित होगा, जो संभवतः 3 दिसंबर के आसपास केरल और कर्नाटक के उत्तरी तटों के पास दक्षिण-पूर्व और पूर्व-मध्य अरब सागर में उभरेगा। केरल में अधिकांश क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है, जबकि अलग-अलग क्षेत्रों में बहुत भारी बारिश और गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। मंगलवार को राज्य के उत्तरी और मध्य भागों में भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है। आईएमडी ने कहा कि अगले पांच दिनों तक रुक-रुक कर हल्की से मध्यम बारिश और कभी-कभी गरज के साथ बारिश होने की उम्मीद है। सोमवार को पांच उत्तरी जिलों- कासरगोड, कन्नूर, वायनाड, कोझीकोड और मलप्पुरम के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। पलक्कड़, त्रिशूर, इडुक्की, अलप्पुझा और एर्नाकुलम जिले ऑरेंज अलर्ट पर हैं, जबकि कोट्टायम और पथानामथिट्टा येलो अलर्ट पर हैं। अधिकारियों ने कहा कि वायनाड में रेड अलर्ट जारी होने के कारण एनडीआरएफ की एक टीम स्टैंडबाय पर है। उन्होंने कहा कि केरल में एनडीआरएफ की पांच टीमें हैं।